हरिभूमि


# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 12 जनवरी 2024


तापमान

अधिकतम 15 .2 डिग्री
न्यूनतम 5 .1 डिग्री


12 स्वच्छता सर्वेक्षण में अंबाला टॉप-5 से बाहर



12 लखनौर साहिब में 20 लाख की चौपाल का उद्घाटन




## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन की चपेट में किशोर की मौत

**पानीपत।** पानीपत में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक चालक विवेक पुत्र वीरेंद्र निवासी गोपाल कालोनी पानीपत की मौत हो गई। पिता वीरेंद्र की शिकायत पर पुराना औद्योगिक थाना पुलिस ने अज्ञात वाहन के चालक के खिलाफ गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज किया और पोस्टमार्टम के बाद विवेक का शव उसके परिजनों को सौंप दिया। वहीं विवेक, दो बहनों का इकलौता भाई था।

### तीन नकाबपोश बदमाशों ने वकील से नगदी लूटी

**पानीपत।** पानीपत राम स्वरूप चौक निवासी एडवोकेट चंदन भारद्वाज के साथ तीन नकाबपोश बदमाशों ने पिस्तौल के बल पर मोबाइल फोन व आठ हजार रुपए की नगदी लूट ली। चंदन की शिकायत पर पुराना औद्योगिक थाना पुलिस ने लूट के आरोप में तीन अज्ञात लोगों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### वाहनों पर रिफलेक्टर टेप लगाई

**पानीपत।** आईबी पीजी महाविद्यालय में एनएसएस यूनिट द्वारा स्पेशल कैंप के छठे दिन का आयोजन किया गया। प्रातः कालीन सत्र में स्वयंसेवकों को योगा और मेडिटेशन करवाया गया। स्वयंसेवकों द्वारा गांव खोतपुरा में चंदौली के रास्ते से सडक सुरक्षा रैली भी निकाली गई। स्वयंसेवकों से सडक पर चलने वाले वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगवा कर 35वें राष्ट्रीय सडक सुरक्षा सप्ताह 2024 का आगाज किया।

### मेगा हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन 16 को

**रादौर।** रादौर क्षेत्र के समाजसेवी एवं उद्योगपति संदीप गर्ग की ओर से 16 जनवरी को गांव सढ़ूरा में 51वां निशुल्क मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन करवाया जा रहा है। कैंप में आदेश मेडिकल कॉलेज व अस्पताल गांव मोहडी की टीम अपनी सेवाएं प्रदान करेंगी। समाजसेवी संदीप गर्ग ने बताया किमरीज की जांच कर उन्हें दवाइयां वितरित की जाएगी।

# लोहड़ी पर्व को लेकर बाजारों में बढ़ी चहल-पहल, मूंगफली, रेवड़ियों की खूब हो रही खरीदारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

लोहड़ी का पर्व शनिवार को मनाया जाएगा। लोहड़ी को लेकर धर्मनगरी का बाजार सजने लगा है। शहर की हर गली व सड़क पर मूंगफली, गजक और रेवड़ियों की खूब बिक्री हो रही है। ठंड बढ़ने के साथ इन चीजों की ब्रिकी में भी तेजी आई है। इसके साथ ही बच्चों व युवाओं ने लोहड़ी मांगने को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं।

प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी लोहड़ी के पर्व पर घरों में मूंगफली, रेवड़ी व गजक का आदान प्रदान होगा। रात को लोहड़ी जला कर नाच गाकर जश्न मनाया जाएगा। इसी को लेकर शहर व ग्रामीण इलाकों में तैयारियां तेज है। सबसे पहले लोगों ने मूंगफली और रेवड़ियों की खरीदारी शुरू की है। शहर के विभिन्न हिस्सों में मूंगफली बेचने वालों ने दुकानों और रेहड़ियों को मूंगफली से विशेष तौर पर सजाया है। सजावट को देखकर लोग भी मूंगफली व रेवड़ियां खरीद रहे हैं। इसके साथ ही बाजार में रौनक बढ़ती जा रही है।



**थानेसर।** बाजार में मूंगफली व रेवड़ी से सजी दुकान। **फोटो : हरिभूमि**

### लोहड़ी को लेकर सजा बाजार

छोटा बाजार, गोशाला बाजार, मुख्य बाजार, झांसा रोड, मोहन नगर बाजार में मूंगफली, गजक, रेवड़ियों की दुकानें सज गई हैं। मूंगफली विक्रेता विमल ने बताया कि लोहड़ी और मकर संक्रांति को लेकर मूंगफली व गजक की अच्छी खरीदारी हो रही है। उनके पास 140 रुपये से लेकर 160 रुपये किलोग्राम की मूंगफली मिल रही है। मूंगफली और रेवड़ी की अच्छी डिमांड है। मूंगफली के साथ बिस्कुट भी खरीदे जा रहे हैं।

## लोहड़ी के दिन की जाती अग्निदेव की पूजा : डॉ. मिश्रा

■ सभी लोग अग्निदेव की परिक्रमा करते हैं और सुख-शांति व सौभाग्य की कामना भी करते

पिपली कास्मिक एस्ट्रो के डायरेक्टर ज्योतिषाचार्य डा. सुरेश मिश्रा ने बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार पौष माह के अंतिम दिन लोहड़ी का पर्व बेहद उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह दिन किसानों के लिए बेहद खास माना जाता है। क्योंकि इस समय खेतों में फसल सही मात्रा में उत्पन्न होती है। वहीं इस पर्व में रात्रि में आग भी जलाई जाती है। जिसे लोहड़ी कहा जाता है। लोहड़ी के दिन खासकर अग्निदेव की भी पूजा की जाती है। इस दिन अग्नि में तिल, गुड़, मूंगफली, रेवड़ी, गजक आदि अर्पित किए जाते हैं। ऐसी मान्यता है कि ऐसा करने से जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहती है। सभी लोग अग्निदेव की परिक्रमा करते हैं और सुख-शांति व सौभाग्य की कामना भी करते हैं।

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, लोहड़ी की आग की परंपरा माता सती से जुड़ी हुई है। जब राजा दक्ष ने महायज्ञ का अनुष्ठान किया था। तब उन्होंने सभी देवताओं को बुलाया था, लेकिन भगवान शिव (भगवान शिव मंत्र) और माता सती को आमंत्रित नही किया था। फिर भी माता सती और शिव जी महायज्ञ में पहुंचे, लेकिन उनके पिता दक्ष ने भगवान शिव की बहुत निंदा की। इससे आहत होकर माता सती ने अग्नि में अपनी देह त्याग दी थी। ऐसा कहा जाता है कि मां सती के त्याग को समर्पित है।

# कनाडा में दंपती हत्या मामले में हस्तक्षेप करे भारत सरकार



पत्रकारों से बातचीत करते एचएसजीएमसी प्रवक्ता कवलजीत सिंह अजराना व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

■ टूरिस्ट वीजा लेकर पुत्री के पास कनाडा गया था सिख दंपती

टूरिस्ट वीजे पर कनाडा गए सिख दपंति की हत्या करने के मामले में हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी ने न्याय की मांग की है। एचएसजीएमसी के प्रवक्ता कवलजीत सिंह अजराना ने पत्रकार वार्ता कर कहा कि पिछले दिनों पटियाला निवासी एक दंपति टूरिस्ट वीजा लेकर अपनी पुत्री के पास कनाडा गया था। उनके वहां पहुंचने के बाद कनाडा इंटलीजैंस विभाग की टीम दपंति की पुत्री के घर पहुंची और उनसे पूछताछ भी की। तत्पश्चात नवंबर महीने के अंत में इस परिवार पर अज्ञात हमलावरों ने अंधाधुंध फायरिंग की। करीब दो दर्जन गोलियां लगने के कारण पति-पत्नी की मृत्यु हो गई, जबकि उनकी 29 वर्षीय पुत्री भी 20-22 गोलियां लगने के बाद अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रही है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से खुफिया विभाग के कर्मचारी उपरोक्त परिवार से पूछताछ करने पहुंचे, वह सब संदेह के घेरे में हैं। अजराना ने बताया कि यह मामला एचएसजीएमसी के प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध के संज्ञान में लाया गया है और केंद्र सरकार से भी हस्तक्षेप की मांग की गई है। यही नहीं, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा से भी इस संदर्भ में संपर्क किया गया है। उन्होंने कहा कि कनाडा में काफी संख्या में सिख रहते हैं, इसलिए कनाडा सरकार को वहां रहने वाले सिखों की सुरक्षा का ध्यान रखना चाहिए। कवलजीत सिंह अजराना ने भारत सरकार से मांग की कि विदेशों में रहने वाले केवल सिखों की ही नहीं, बल्कि भारतीयों की सुरक्षा के लिए कनाडा सरकार से बात करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस मामले में भारत सरकार को हस्तक्षेप करते हुए सिख दंपति हत्या के मामले से पर्दा उठाने, आरोपियों का पता लगा कर उन पर कानूनी कार्रवाई करने के लिए दबाव बनाना चाहिए। इस मौके पर नरेंद्र सिंह गिल, तजिंदर सिंह मक्कड़ व दिलबाग सिंह मौजूद रहे।

# नपा कर्मियों ने मांगों को लेकर उल्टा झाड़ू करके किया प्रदर्शन

## प्रदर्शनकारियों ने स्थानीय प्रशासन और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

नगर पालिका कर्मचारी संघ (संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा) के जगाधरी जोन के नपा कर्मचारियों ने वीरवार को चौथे दिन भी निगम कार्यालय के समक्ष अपनी मांगो को लेकर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने उल्टा झाड़ू करके नगर में रोष प्रदर्शन किया। मौके पर प्रदर्शनकारियों ने स्थानीय प्रशासन और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

वीरवार को चौथे दिन भी नगर पालिका कर्मचारी संघ के सैंकड़ो कर्मचारी निगम कार्यालय के समक्ष प्रधान विक्की पारचा के नेतृत्व में एकत्र हो गए और धरना प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने उल्टा झाड़ू करके नगर में रोष प्रदर्शन किया और स्थानीय प्रशासन व सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मौके पर संघ के जगाधरी जोन के प्रधान विक्की पारचा व उपप्रधान श्रीचंद ने कहा कि नगर पालिका कर्मचारी संघ लंबे अर्से से समान काम समान वेतन दिए जाने समेत अन्य मांगो को लेकर संघर्ष कर रहा है। इस संबंध में स्थानीय प्रशासन के साथ संघ प्रतिनिधिमंडल की कई दौर की बात भी हो चुकी है। मगर स्थानीय प्रशासन द्वारा उन्हें झूठे आश्वासन देकर चलता कर दिया जाता है। जिसकी वजह से कर्मचारियों में रोष है। उन्होंने कहा कि नपा कर्मचारी आज अपनी मांगो के लेकर पिछले चार दिन से ठिठूरती ठंड में धरना प्रदर्शन करने को मजबूर हैं। मगर ना तो सरकार का काई प्रतिनिधि और ना ही प्रशासन का कोई अधिकारी उनकी बात सुनने को तैयार है। जिसकी वजह से नपा कर्मचारियों में गुस्सा है। उन्होंने सरकार से समान काम समान वेतन दिए जाने, ठेका प्रथा और बेगार प्रथा बंद किए जाने, समेत अन्य मांगे तुरंत पूरी किए जाने की मांग की। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगो का जल्द समाधान नहीं किया गया तो नपा कर्मचारी बड़ा निर्णय लेने को मजबूर होंगे। इस अवसर पर कर्मचारी नेता सोनू शर्मा, राजन, मुकेश, गौरव, पवन व राजेंद्र आदि मौजूद थे।





यमुनानगर में जगाधरी जोन के नपा कर्मचारी नगर में उल्टा झाड़ू करके रोष प्रदर्शन करते हुए। **फोटो : हरिभूमि**

## सीएम आवास का घेराव करने पहुंचे कंप्यूटर टीचर्स को पुलिस ने रोका





■ वादाखिलाफी और कर्मचारियों का शोषण करने के आरोप लगाए

**करनाल।** कंप्यूटर लैब सहायक वेलफेयर एसो के राज्य प्रधान करमजीत संधु और कम्प्यूटर टीचर्स वेलफ्रेयर एसोसिएशन से राज्य प्रधान बलराम धीमान की अध्यक्षता में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। कर्ण पार्क में सभा करने के बाद कम्पयूटर लैब सहायक व कंप्यूटर टीचर सीएम आवास का घेराव करने के लिए कूच कर गए। वेतन बढ़ोतरी, गर्मी और सर्दी की छुट्टियों का वेतन, मेडिकल अलाउंस की फाइल को पास करवाने और सेवा सुरक्षा की मांग को जोरशोर से उठाया गया। सर्व कर्मचारी संघ से प्रतिनिधि अपना समर्थन देने पहुंचे। सीएम आवास से कुछ दूरी पर पुलिस ने बैरीकेट लगाकर सहायकों व शिक्षकों को आगे बढ़ने से रोक लिया। कर्मचारी नेताओं ने भाषणों में सरकार को जमकर कोसा। वादाखिलाफी और कर्मचारियों का शोषण करने के आरोप लगाए। बाद में सीटीएम अमन कुमार को मांगों का ज्ञापान दिया गया। 25 जनवरी को मुख्यमंत्री से करनाल में वार्ता के लिए लिखित में आश्वासन दिया गया। एडीपीएससीएम अमित अग्रवाल से मीटिंग के समय के लिए मुख्यमंत्री प्रतिनिधि संजय बठला ने सोमवार को करनाल बुलाया।

# नाहरपुर गांव के गेहूं के खेत में मिले पशु के अवशेष

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रादौर

रादौर क्षेत्र के गांव नाहरपुर के नजदीक गेहूं के खेत से पशु के अवशेष मिले हैं। पशु के अवशेष मिलने की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। ग्रामीणों ने पशु की हत्या किए जाने का आरोप लगाया।

नाहरपुर के किसान धर्मबीर सिंह ने पुलिस को बताया कि वीरवार सुबह करीब 10 बजे उसका नौकर जब खेत में पहुंचा तो उसने देखा कि गेहूं के खेत में पशु का कटा हुआ सिर व कुछ खाल पड़ी हुई है। उसने तुरंत उन्हें सूचना दी। सूचना मिलते ही वह खेत में पहुंचा तो देखा कि गेहूं के खेत में पड़े पशु के सिर व खाल को कुत्ते नोंच रहे हैं। उसने आसपास देखा तो उसे पड़ोस के किसान के पापुलर के खेत में पशु का खून व कुछ गोबर आदि पड़ा हुआ दिखाई दिया। उसने तुरंत पुलिस व ग्रामीणों को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर डीएसपी गुरमेल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच की। इस दौरान पशु चिकित्सकों ने मौके पर पहुंचकर मेडिकल कार्रवाई करने के बाद पशु के अवशेषों को जमीन में दबवा दिया।

### घटना की हो गंभीरता से जांच

गौरक्षा दल के रोहित चौधरी, मास्टर नीरज, मोहनलाल, संजीव व सचिन आदि ने मौके पर पहुंचकर डीएसपी गुरमेल सिंह से मामले में गंभीरता से जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की।

डीएसपी रादौर गुरमेल सिंह ने कहा कि मामले की गंभीरता से जांच की जाएगी। इस दौरान मामले में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी गई है।

# इंटरनेशल फेयर में छाए पानीपत के टेक्सटाइल उत्पाद

## पानीपत के करीब 100 एक्सपोर्टर्स हेमटेक्स में शिरकत कर रहे

विकास चौधरी ▸▸| पानीपत

यूरोप महाद्वीप के देश जर्मनी के शहर फ्रेंकफर्ट में विश्वस्तरीय टेक्सटाइल फेयर हेमटेक्स में पानीपत के टेक्सटाइल उत्पाद एक्सपोर्टर्स को काफी अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। वहीं हेमटेक्स में दुनिया भर के टेक्सटाइल बॉयर यानि इंपोट यानि आयतक व्यापारी जुटते हैं। जबकि फेयर में दुनिया भर के टेक्सटाइल एक्सपोर्टर भी अपने टेक्सटाइल उत्पादों के सैंपलों के साथ भाग लेते हैं। फेयर में विदेशी व्यापारी टेक्सटाइल उत्पादों के सैंपल देखकर भविष्य में व्यापार की रूपरेखा तय करते हैं। वहीं टेक्सटाइल फेयर में पानीपत के करीब सौ एक्सपोर्टस भाग ले रहे हैं। पानीपत के एक्सपोर्टर अपने स्टाल ऊपर एक से बढ़कर एक टेक्सटाइल उत्पादों का प्रदर्शन विदेशी व्यापारियों को व्यापार के लिए लुभा रहे हैं।



पानीपत। जर्मनी में चल रहे हेमटेक्स में पानीपत चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के चेयरमैन विनोद धमीजा के साथ विदेशी बॉयर्स।

### चीन, पाकिस्तान, बांग्लादेश है प्रतिद्वंदी

भारत पानीपत के एक्सपोर्टरों का चीन, पाकिस्तान, बांग्लादेश के टेक्सटाइल व्यापारियों के साथ सीधा मुकाबला हो रहा है। तीनों देश के एक्सपोर्टस पानीपत के टेक्सटाइल उत्पादों के निर्यातकों के के पुराने प्रतिद्वंद्वी है। हालांकि कोरोना महामारी के बाद उत्तरी व दक्षिणी अमेरिका, यूरोप, आस्ट्रेलियां, अफ्रीका व एशिया महाद्वीपों के अधिकतर देश चीन के साथ व्यापार करके राजी नहीं है। लेकिन चीनी व्यापारी कम रेट में अच्छा माल तैयार कर मैदान में डटे हुए है।

### विदेशी बॉयरों से मिल रहा है अच्छा रिस्पांस

हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, पानीपत चैप्टर के अध्यक्ष विनोद धमीजा ने जर्मनी से हरिभूमि से बातचीत में बताया कि जर्मनी के फ्रेंकफर्ट में चल रहे टेक्सटाइल फेयर में पानीपत के टेक्सटाइल एक्सपोर्टर्स को विदेशी बॉयरों यानि व्यापारियों से अच्छा खास रिस्पांस मिल रहा है, यह रिस्पांस व्यापार में बदलेगा या नहीं यह भविष्य में पता चलेगा। उन्होंने बताया कि पानीपत के करीब 100 एक्सपोर्टर्स हेमटेक्स में शिरकत कर रहे हैं और अपने स्टालों पर टेक्सटाइल के एक से बढ़कर एक उत्पादों का प्रदर्शन कर रहे है।

# होटल सूर्या में रेड, बिना आईडी लिए छह कमरों में ठहराए गए थे लोग

■ पुलिस ने दर्ज किया केस

**अंबाला।** जगाधरी रोड स्थित सूर्या होटल में पुलिस ने वीरवार को रेड की। इस दौरान होटल स्टाफ में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस टीम ने होटल रिकॉर्ड खंगाला तो रिकॉर्ड में कई तरह की खामियां मिली हैं। साहा पुलिस ने होटल संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सीआईडी की ओर से होटल की जांच के आदेश दिए थे। सूचना मिली थी कि होटल में गैरकानूनी गतिविधियां चल रही हैं। इसी आधार पर जांच के लिए पुलिस अचानक होटल पहुंच गई। जांच के दौरान पुलिस ने होटल के सभी कमरों को खंगाला। इस दौरान 6 कमरों (कमरा नंबर-101 व 106) में ठहरे लोगों से होटल संचालक की ओर से कोई आईडी नहीं लेने की लापरवाही सामने आई। कमरा नंबर-103,104 व 105 में ठहरे लोगों से केवल सिंगल आईडी ली गई। 6 कमरों में ठहरे यात्रियों का रिकॉर्ड नहीं मिला। इसी वजह से होटल संचालक की नीयत पर सवाल खड़े हो रहे हैं। साहा थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि होटल सूर्या के मालिक द्वारा अपने रजस्टिर में कोई इंद्राज नहीं किया गया था। होटल मालिक ने रिकॉर्ड मेंटेन न करके सरकारी आदेशों की अवहेलना की है। पुलिस दूसरे एंगल पर भी जांच कर रही है। आरोपी होटल संचालक के खिलाफ अभी केस दर्ज किया गया है।

## शहर की दशा को स्वच्छता सर्वेक्षण ने जगजाहिर किया

# स्वच्छता सर्वेक्षण में पिछड़ा थानेसर शहर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

■ केंद्र सरकार की ओर से जारी स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के परिणाम में राष्ट्रीय स्तर पर 414 रैंक और राज्य में 20वां स्थान मिला

स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में थानेसर शहर काफी पिछड़ गया है। पिछले वर्ष के मुकाबले इस बार थानेसर शहर काफी पीछे चला गया है। शहर में सफाई व्यवस्था पर हर महीने लाखों रुपये खर्च होते हैं इसके बावजूद शहर की दशा को स्वच्छता सर्वेक्षण ने जगजाहिर कर दिया है। वर्ष 2022 में देश के स्तर पर स्वच्छता की ओर पहले के मुकाबले कुछ कदम आगे बढ़ाए थे।

वर्ष 2022 में हुए सर्वेक्षण राष्ट्रीय स्तर पर 178 रैंक और राज्य में 14वां स्थान मिला। केंद्र सरकार की ओर से जारी स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के परिणाम में राष्ट्रीय स्तर पर 414 रैंक और राज्य में 20वां स्थान मिला।

इससे साफ है कि पिछले वर्ष शहर में सफाई व्यवस्था ज्यादा ठीक थी जो इस वर्ष खराब हो गई है। वर्ष 2021 के सर्वेक्षण में थानेसर नगर परिषद थानेसर को ऑल इंडिया स्तर पर 203 और स्टेट स्तर पर 12वां स्थान हासिल हुआ था।

भले ही थानेसर नगर परिषद ने ऑल इंडिया और स्टेट लेवल पर 2020 के मुकाबले अपनी रैंकिंग में सुधारा किया था लेकिन प्रदेश स्तर पर यह फिर भी टॉप-10 में स्थान नहीं बना पाई थी।





### शहर को पूरी तरह चमकाया जाएगा: नरवाल

वहीं 2020 में थानेसर का ऑल इंडिया में 259 और हरियाणा में 16वीं रैंक थी। 2019 की बात करें तो इस सर्वेक्षण में नगर परिषद थानेसर 2018 के मुकाबले 53 अंक पिछड़ गई थी। इस दौरान अप्रैल तक हुए सर्वेक्षण में नप ने 252वीं रैंक देशभर में प्राप्त की थी और प्रदेश में 14वें स्थान पर रही थी। वहीं अगर 2018 की बात करें तो थानेसर नप 199 रैंक पर थी और 2017 में 253वें नंबर पर थी। वही नगर परिषद थानेसर के कार्यकारी अधिकारी देवेंद्र नरवाल ने कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था, सार्वजनिक शौचालयों तथा अन्य स्थानों के बारे में पूरी योजना तैयार की गई है। शहर के सुंदरीकरण की भी योजना बनाई गई है। शहर को पूरी तरह चमकाया जाएगा तथा अगली बार स्वच्छता सवेरे्क्षण रेकिंग में सुधार का पूरा प्रयास किया जाएगा।

# लिफ्ट लेकर व्यापारी को गोली मारकर कार और रुपये लूटने के मामले में एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज़ ▸▸| करनाल

■ कार और 1 लाख दो हजार बरामद

जिला पुलिस ने लिफ्ट लेकर व्यापारी को गोली मारकर कार और सवा दो लाख रुपये लूटने वाले मामले में विश्वसनीय सूचना पर एक आरोपी रविंद्र कुमार उर्फ मुंदर पुत्र जयपाल वासी बुढ़नपुर थाना समालखा, पानीपत को रक्सेडा पानीपत से गिरफ्तार किया है। आरोपी का एक दिन का रिमांड हासिल किया गया था।

रिमांड के दौरान आरोपी की निशानदेही पर कब्जे से लूटी हुई कार एचआर 12वाई 1150 मार्का टाटा डस्ट और एक लाख दो हजार पांच सौ रुपये नकद बरामद किए गए। आरोपी रविंद्र से पूछताछ में पाया गया कि वह व्यापारी संजय के नौकर अमित पुत्र सुरेश वासी धोलगढ़ का दोस्त है। पूरे मामले में नौकर अमित ने आरोपी रविंद्र के साथ मिलकर और अन्य दो आरोपियों ने योजना बनाकर इस वारदात को अंजाम दिया था। पूछताछ में आरोपी रविंद्र ने बताया कि इस वारदात में उसका चाचा देवेंद्र वासी बुढनपुर और एक अन्य आरोपी भी शामिल है। जोकि वारदात को अंजाम देके लूटे हुए कुछ रुपये और लूटी गई कार आरोपी रविंद्र के पास छोड़कर फरार हो गए थे।

### ऐसे दिया था वारदात को अंजाम

शिकायतकर्ता संजय वासी चौधरी कॉलोनी नजदीक खालसा कॉलेज ने शिकायत दी की वह 3 जनवरी की सुबह अपने नौकर अमित के साथ करनाल से स्पेयर पाट्र्स का सामान लेने के लिए सवा दो लाख लेकर दिल्ली के लिए गाड़ी में रवाना हुए थे। आईटीआई चौक करनाल पर उन्होंने दिल्ली जाने वाले दो नामालुम व्यक्तियों को लिफ्ट दी। मधुबन में नीलकंठ ढाबा के सामने पहुंचने पर दोनों व्यक्तियों ने शिकायतकर्ता संजय के साथ मारपीट शुरू कर दी और पैर में गोली मारकर उसे और नौकर अमित को गाड़ी से बाहर धक्का दे दिया और 2 लाख 25 हजार व उसकी गाड़ी पानीपत की तरफ फरार हो गए।

**खबर संक्षेप**

### रक्तदान शिविर का आयोजन 20 को धनौरा में

**रादौर।** जियो लाइफ फाउंडेशन व ग्रामीणों की ओर से गांव धनौरा जागीर में छठे रक्तदान शिविर का आयोजन 20 जनवरी को किया जाएगा। शिविर में कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज करनाल की टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान करेगी। फाउंडेशन के प्रधान जितेन्द्र मंढाण धनौरा ने बताया कि संस्था की ओर से गांव में छठी बार रक्तदान शिविर का आयोजन करवाया जा रहा है। पिछले वर्ष पांचवे रक्तदान शिविर में 92 ग्रामीणों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया था। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है।

### साइबर ठगों ने महिला से ठगे 27 हजार रुपये

**यमुनानगर।** साइबर ठगों ने लाजपत नगर निवासी संध्या से उसकी पॉलिसी के पैसे खाते में भेजने की बात कहकर 27 हजार रुपये ठग लिए। साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में संध्या ने बताया कि वह स्कूली बच्चों को ट्यूशन पढ़ाती है। 16 दिसंबर को उसके मोबाइल पर एक अनजान नंबर से फोन आया। जिसने अपना नाम अनिल शर्मा बताया और कहा कि वह एलआईसी एजेंट है। कुछ देर बाद उसके मोबाइल पर तीन बार में 40 हजार रुपये खाते में आने के मैसेज आए। तभी आरोपी ने कहा कि उनके खाते में 27 हजार रुपये अधिक आ गए हैं और वह उन्हें पेटीएम से वापस भेज दें। बाद में उसने अपने बैंक खाते का बैलेंस चेक किया तो पता चला कि उसके खाते में कोई पैसा नहीं आया था। आरोपी ने उससे 27 हजार रुपये ठग लिए।

### श्रीमद् भागवत कथा का हुआ आयोजन

**पानीपत।** पानीपत के भगत नगर सुधीर नगर में चल रही श्रीमद् भागवत संस्कारों की कथा के आज सत्यम दिवस में भगवान कृष्ण सुदामा का मिलन हुआ। कथा वाचक महाराज पूरणचंद ने कहा समय बलवान समय के अधीन हमें चलना पड़ेगा। सुदामा गरीब नहीं थे सुदामा जैसा तो संसार में कोई धनवान नहीं था। सुदामा के पास भगवान कृष्ण थे उनसे बड़ा धनवान और दुनिया में कौन हो सकता है।

## राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य ने मदरसों का किया निरीक्षण

# धार्मिक तालीम के साथ स्कूली शिक्षा भी जरूरी

आयोग सदस्य मीना शर्मा ने टीम सदस्यों के साथ मदरसो का निरीक्षण कर उनकी सुविधाओं का जायजा लिया


यमुनानगर के मदरसों का टीम सदस्यों के साथ निरीक्षण करते हुए आयोग की सदस्य मीना शर्मा। फोटो : हरिभूमि

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण अधिकार आयोग की सदस्य मीना शर्मा ने कहा कि धार्मिक तालीम के साथ बच्चों को स्कूली शिक्षा देना भी जरुरी है। उन्होंने उक्त शब्द जिले में चल रहे मदरसों का निरीक्षण करने के दौरान कहे। आयोग सदस्य मीना शर्मा ने बताया कि प्रदेश भर में चल रहे मदरसों में रह रहे बच्चों की जानकारी के लिए सरकार ने विभिन्न विभागों से एक कमेटी का गठन किया गया है। जो जिले के मदरसों का निरीक्षण करके रिपोर्ट सरकार को भेजेगा। इसमें हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण अधिकार आयोग के सदस्य, महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी, बाल कल्याण समिति के सदस्य, जिला बाल संरक्षण इकाई से जिला बाल संरक्षण अधिकारी, शिक्षा विभाग से जिला शिक्षा अधिकारी, जिला बाल कल्याण परिषद से जिला बाल कल्याण अधिकारी नामित किए गए हैं। इसी क्रम में टीम सदस्यों ने जिला यमुनानगर के मदरसों का निरीक्षण किया। मौके पर आयोग सदस्य मीना शर्मा ने टीम सदस्यों के साथ मदरसो का निरीक्षण कर उनकी सुविधाओं का जायजा लिया। टीम ने सभी मदरसो की कार्य प्रणाली, उनकी दिनचर्या व उनमे दी जाने वाली सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए रिकॉर्ड को भी जांचा। आयोग सदस्य ने बच्चों से भी बात की। वहीं, टीम ने बच्चों को बुनियादी शिक्षा के साथ जोडते हुए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए कहा गया। इस दौरान आयोग सदस्य मीना शर्मा ने बताया कि आयोग का उदेश्य बच्चों को मुख्य धारा के साथ जोड़ना है। उन्होंने बताया कि सरकार के दिशा निर्देश अनुसार हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग प्रदेश के सभी मदरसों का निरीक्षण कर रहा है। इसी कड़ी मे जिला यमुनानगर के मदरसों का निरीक्षण किया जा रहा है।

### सरकार सभी के हित में प्रयासरत

आयोग का प्रयास है कि बच्चों का शिक्षा स्तर बेहतर हो और उन्हें बेहतर सुविधाएं मिले। धार्मिक तालीम के साथ स्कूली शिक्षा भी जरूरी है। भविष्य में उन्हें उच्च शिक्षा किसी व्यवसाय रोजगार के लिए आरम्भ से ही स्कूली शिक्षा से जोड़ा जाना जरूरी है। उन्होंने मदरसों की मैपिंग करते हुए सभी का रिकॉर्ड बनाए जाने की हिदायत दी। उन्होंने बताया कि शिक्षा के अधिकार के तहत 6 से 14 वर्ष का कोई भी बच्चा किसी भी स्कूल में दाखिला ले सकता है। परिवारों को शिक्षा प्रति जागरूक करने के प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार सभी के हित में प्रयासरत है। मौके पर बाल कल्याण समिति सदस्य रेणु, शिक्षा विभाग से शिव कुमार, समन्वयक एवं प्रिंसिपल सलीम खान, जिला बाल कल्याण अधिकारी सुखमिंदर सिंह, जिला बाल संरक्षण अधिकारी रंजन शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता गुरप्रीत सिंह आदि मौजूद रहे।


यमुनानगर के रादौर में रामा कृष्णा रामलीला क्लब की ओर से आयोजित बैठक में भाग लेते हुए सदस्य । फोटो : हरिभूमि

## श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अवसर पर रादौर में होगा भंडारा


- रामा कृष्णा रामलीला क्लब की रादौर में आयोजित हुई बैठक

**रादौर।** रामा कृष्णा रामलीला क्लब के सदस्यों की रादौर में बैठक आयोजित हुई। जिसमें मुख्यातिथि के रुप में समाजसेवी भीम सिंह राठी ने भाग लिया। बैठक में श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अवसर पर 22 जनवरी को क्लब की ओर से कस्बा में भंडारे का आयोजन करने के निर्णय लिया। बैठक में क्लब के सदस्यों ने कहा कि पूरे देश में श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उत्साह का माहौल है। इस अवसर पर क्लब की ओर से भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने आसपास क्षेत्र के लोगों से भंडारे में शामिल होने के लिए आहवान किया। मौके पर मुख्यातिथि भीम सिंह राठी ने कहा कि किसी भी धार्मिक आयोजन में सभी को बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। बैठक में ग्रामीणों की मांगों व समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। मौके पर कुलदीप, अशोक भटनागर, राजकुमार, पिंटू जिंदल, सतीश कांबोज, अशोक कुमार, रवि कुमार, सोहनलाल व अश्विनी जिंदल आदि मौजूद थे।

## राष्ट्र निर्माण के लिए माई भारत पोर्टल पर प्रत्येक युवा करवाएं पंजीकरणः कंवरपाल

- जगाधरी विधानसभा के गांव चुहड़पुर कला, गुलाबगढ़, बाक्करवाला व मांडखेड़ी में आयोजित हुए जनसंवाद कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**


यमुनानगर में जगाधरी विधानसभा क्षेत्र के गांव चुहड़पुर कलां में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में लाभपात्रों को प्रमाण पत्र भेंट करते शिक्षा मंत्री कंवरपाल।

हरियाणा के शिक्षा, वन एवं पर्यटन मंत्री कंवरपाल ने कहा कि युवाओं को राष्ट्रनिर्माण में भागीदार बनने के लिए माई भारत पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवाना चाहिए। ताकि वह राष्ट्र के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभा सकें। उन्होंने उक्त शब्द वीरवार को जगाधरी विधानसभा क्षेत्र के गांव चुहड़पुर कलां, गुलाबगढ़, बक्करवाला व मांडखेड़ी में आयोजित विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा कार्यक्रम में कहे। मौके पर उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का निरीक्षण किया और ग्रामीणों को विकसित भारत की शपथ दिलाई गई। शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के भरपूर अवसर देने के लिए मेरा युवा भारत पोर्टल शुरू किया है। ज्यादा से ज्यादा युवाओं को माई भारत पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराना चाहिए। इस पोर्टल के माध्यम से मेरा भारत संगठन युवाओं को ऐसा अवसर देगा। जिसमें वह अपनी कौशल क्षमताओं को निखारने और उसका उपयोग करने का अवसर प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार से जुड़े कार्य के लिए हम दफ्तरों में जाते हैं और अपना काम कराने की कोशिश करते हैं। मगर आज सभी कार्यालय आपके गांव में आए हैं। पीएम मोदी की पहल पर सरकार योजनाओं का लाभ देने के लिए आपके दरवाजे पर आ रही है। इस अवसर पर उन्होंने स्वामित्व योजना के तहत कई लाभ पात्रों को रजिस्ट्री वितरित की गई। स्कूल के विद्यार्थियों को अपनी कक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम बिलासपुर जसपाल सिंह गिल, जिला शिक्षा अधिकारी सुमन बहमनी, खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार धीमान, एसएमओ जितेंद्र कुमार,हरियाणा लॉ कमीशन के सदस्य एडवोकेट मुकेश गर्ग व खंड विकास पंचायत अधिकारी सचेत मित्तल और भाजपा जिला मीडिया प्रमुख कपिल मनीष गर्ग आदि मौजूद रहे।

## अयोध्या धाम में श्रीराम मंदिर का निर्माण है सैकड़ों वर्षों के संघर्षों व तपस्या का फलः घनश्याम

- सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने अयोध्या से आए अक्षत(पीले चावल) वितरित करने के दौरान ग्रामीणों को श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में भाग लेने के लिए न्यौता दिया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**


यमुनानगर में जनसंपर्क के दौरान लोगों को अक्षत भेंटकर उन्हें श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की जानकारी देते हुए विधायक घनश्याम दास अरोड़ा। फोटो : हरिभूमि

अयोध्या से आए अक्षत(पीले चावल) वितरण कार्यक्रम के तहत सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कई स्थानों पर ग्रामीणों से जनसंपर्क कर उन्हें वितरित किया। उन्होंने अक्षत वितरित करके ग्रामीणों को अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी और अपने घरों में उस दिन दीपावली मनाए जाने के लिए प्रेरित किया। सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि सैंकड़ों वर्षों के संघर्ष और तपस्या के फलस्वरूप आज अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बन रहा है। जिसकी प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की जानी है। इसलिए हमें उस दिन अपने घरों में दीए जलाकर दीपावली मनाना है। उन्होंने श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पहुंचने के लिए न्यौता दिया और उन्हें अक्षत भेंट किए। सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा के इस भव्य कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शिरकत करेंगे।यह ऐतिहासिक क्षण सैंकड़ों वषोंर् के संघषोंर् व तपस्या के बाद हम सबके जीवन में आया है। यह क्षण हम सबके जीवन में खुशियां लेकर आया है। जन जन के भगवान राम ने अब अपना घर पाया है। सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि अयोध्या धाम में श्रीराम मन्दिर में प्राण प्रतिष्ठा है। वहां से निमंत्रण के रूप में अक्षत पीले चावल आए हैं । वहां से सबके आने का न्यौता आया है। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लोगों से आहवान किया है कि देश के सभी लोग अपने अपने घरों पर, दुकानों, कालोनियों, वार्डों , ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में दीपक जलाएं। इस दिन को दीपावली पर्व की तरह अपने अपने क्षेत्र में मनाएं। उन्होंने कहा कि यह सनातन प्रतिष्ठा की पुनर्स्थापना का अवसर है। सभी वगोंर् के लोग बहुत उत्साहित हैं। 21 जनवरी को यमुनानगर में इस अवसर पर एक बड़ी शोभायात्रा का आयोजन भी किया जा रहा है। राम भक्त प्राण प्रतिष्ठा के दिन अपने अपने मोहल्लों के मंदिरों में उत्सव मनाएं।

## प्लाट देखने आए मां-बेटे से की मारपीट नकदी व सोने की चेन छीनने का आरोप

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

- पुलिस ने दंपती समेत तीन के खिलाफ किया केस दर्ज

जगाधरी पंसारी बाजार में प्लाट देखने आए सहारनपुर निवासी कमल गुप्ता व उसकी मां से तीन लोगों ने मारपीट की। आरोप है कि आरोपियों ने उनसे 50 हजार रुपये व सोने की चेन छीन ली। पुलिस ने दंपती समेत तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सहारनपुर निवासी कमल गुप्ता ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने जगाधरी पंसारी बाजार में बड़ वाली गली में प्लाट लिया हुआ है। नौ जनवरी को वह और उसकी मां सुधा अपने प्लाट पर आए थे। तभी वहां पर जगाधरी निवासी अरुण जैन, भास्कर जैन व उसकी पत्नी आई और उनसे मारपीट की। मारपीट में उसे गंभीर चोटें लगी। आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने उसके गले से सोने की चेन और 50 हजार रुपये छीन लिए। मारपीट की आवाज सुनकर जब अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर चले गए। शहर जगाधरी पुलिस ने तीनों आरोपियों पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### लोहे के पाइप से हमला कर दो युवकों को किया घायल

शादीपुर निवासी बोबी ने बताया कि वह अपने रिश्तेदार सरसावा निवासी विजय के साथ यमुनानगर बस स्टैंड पर अपने जानकार को छोड़ने के लिए आया था। वहां पर उसके जीजा अंबाला के गांव बाड़ा निवासी प्रिंस ने अपने भाई रवि व सरस्वती नगर निवासी बिन्नु के साथ मिलकर उन पर लोहे के पाइप से हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। बाद में आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## संकल्प यात्रा से लोगों को मिल रहा योजनाओं का लाभ

- सांसद नायब सैनी ने गांव झीवर हेडी में विकसित भारत संकल्प यात्रा में लिया भाग
- लोगों को दिलाई विकसित भारत की शपथ

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर/रादौर**



यमुनानगर के गांव झीवरहेड़ी में जनसमूह को विकसित भारत की शपथ दिलाते हुए सांसद नायब सैनी। फोटो : हरिभूमि

विकसित भारत संकल्प यात्रा वीरवार को रादौर विधानसभा के गांव झीवरहेडी पहुंची। जिसमें मुख्य रूप से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं कुरुक्षेत्र के सांसद नायब सिंह सैनी मौजूद हुए। उन्होंने मौके पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टालों का अवलोकन किया और उपस्थित जनसमूह को विकसित भारत की शपथ भी दिलाई। मौके पर लोगों की समस्याएं सुनकर उनका समाधान भी करवाया। सांसद ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाने का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विजन है कि सरकार की हर योजना का लाभ जरूरतमंद को उसके घर द्वार पर ही मिले। ऐसा पहली बार हुआ है कि सरकार स्वयं गरीब व जरूरतमंद के घर-द्वार पर जाकर सरकार की योजनाओं का लाभ दे रही है। यह सब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की व्यवस्था परिवर्तन की देन है।

उन्होंने कहा कि आज गांव-गांव विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकास की गारंटी को लेकर जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इतनी विकास योजनाएं चलाई है जिनसे गरीबों को लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री कर्णदेव काम्बोज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सरकार ने गरीब हितैषी योजनाएं चला कर गरीबों के जीवन को सरल किया है। केंद्र व हरियाणा सरकार बिना किसी भेदभाव के अंत्योदय के रूप में कार्य कर रही है। इस मौके पर सरपंच एसोसिएशन रादौर व होमगार्ड एसोसिएशन ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर एसडीएम रादौर चंद्रकांत कटारिया, सरपंच निशा, डॉ. ऋषिपाल सैनी, सरपंच एसोसिएशन के प्रधान पम्मी, गुरनाम सैनी मंगोली, नरेन्द्र राणा, पूर्व विधायक ईश्वर पलाका, विपिन काम्बोज, संदीप राणा, संजीव, डॉ. नरेश सारन आदि उपस्थित थे।

### दो वर्षीय बच्ची के साथ किया गलत काम करने का प्रयास

- पुलिस ने आरोपी के खिलाफ किया छह पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज

**यमुनानगर।** बिलासपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में व्यक्ति ने घर के बाहर खेल रही दो वर्षीय बच्ची के साथ गलत काम करने का प्रयास किया। बच्ची की मां के शोर मचाने पर आरोपी व्यक्ति वहां से भाग गया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ छह पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने मायके गई हुई है। 10 जनवरी को शाम साढ़े चार बजे उसकी दो वर्षीय लड़की घर के बाहर खेल रही थी। इस दौरान उनके गांव के ही शेर सिंह ने उसकी लड़की को अपनी गोद में उठा लिया और उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। इसके बाद आरोपी ने बच्ची के साथ गलत काम करने का प्रयास किया। जब उसने आरोपी को लड़की के साथ गलत हरकतें करते हुए देखा तो उसने शोर मचा दिया। इसके बाद आरोपी वहां से फरार हो गया। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ 18 व छह पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### जिला सचिवालय के सभागार में आयोजित हुई जिला टास्क फोर्स की बैठक

# अवैध खनन रोकने के लिए सात चेक पोस्ट बनाई

- अवैध खनन में पकड़े गए वाहनों के मामलों में अदालत में करें पूरी पैरवी : कैप्टन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**



यमुनानगर के जिला सचिवालय में आयोजित जिला टास्क फोर्स की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार। फोटो : हरिभूमि

जिला टास्क फोर्स की बैठक लघु सचिवालय में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने की। उन्होंने बैठक में अवैध खनन में पकड़े गए वाहनों का केस ठीक प्रकार से बनाए जाने के निर्देश दिए। ताकि वाहन मालिक आसानी से ऐसे वाहनों की सुपरदारी न करवा सकें। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बैठक में खनन अधिकारी से ई-रवाना पोर्टल के बारे में जानकारी ली। जिस पर खनन अधिकारी ने बताया कि खनन क्षेत्र में अवैध खनन को रोकने के लिए सात चैक पोस्ट बनाई गई हैं। इन चैक पोस्ट के आस पास सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022-23 में अवैध खनन करने वालों से करीब 18 करोड़ रुपये, वर्ष 2023-24 में अब तक करीब 9 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022-23 में 336 वाहन सीज किए गए हैं और 52 वाहन रिलीज किए गए हैं। जिनसे करीब 18 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। इसी प्रकार वर्ष 2023-24 में 327 वाहन सीज किए गए हैं और 30 वाहन रिलीज किए गए हैं। जिनमें से 28 वाहन अवैध खनन में पकड़े गए थे। इन वाहनों से करीब 9 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बैठक में आरओ प्रदूषण बोर्ड को माइनिंग क्षेत्र की जांच करने के निर्देश दिए। साथ ही खनन अधिकारी को कहा कि माइनिंग प्लान को लागू करें। यदि किसी ठेकेदार के पास ज्यादा मात्रा में खनन है तो उसका लाईसैंस रद्द करवाएं। प्रतिदिन जितना भी खनन निकाला जाए उसकी जानकारी लें। यदि ज्यादा निकलता है तो उसकी जानकारी लें।।

### पकड़े गए वाहनों की तुरंत करवाएं एफआईआर

जिला पुलिस अधीक्षक गंगाराम पुनिया ने बैठक में खनन अधिकारी से अवैध खनन में पकड़े गए वाहनों के खिलाफ तुरंत एफआईआर करवाए जाने के निर्देश दिए। मौके पर एसडीएम रादौर चंद्रकांत कटारिया, एसडीएम जगाधरी यश जालुका, एसडीएम बिलासपुर जसपाल सिंह गिल, डीईटीसी अशोक पांचाल,आरओ प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड वीरेन्द्र कुमार, माइनिंग अधिकारी ओम दत्त शर्मा, कार्यकारी अभियंता सिंचाई विभाग संदीप कुमार व विनोद कुमार आदि मौजूद थे।

## पीएम स्वनिधि के लंबित आवेदनों का शीघ्र निपटान करें बैंक अधिकारी : मेहरा

- संयुक्त निगम आयुक्त नीलम मेहरा ने बैंक अधिकारियों की आयोजित बैठक में दिए दिशा निर्देश

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**


यमुनानगर के एलडीएम कार्यालय में आयोजित बैंक अधिकारियों की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए संयुक्त निगम आयुक्त नीलम मेहरा।

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के आवेदकों को समय पर लाभ मिले, इसे लेकर संयुक्त निगम आयुक्त नीलम मेहरा ने एलडीएम कार्यालय में सभी बैंक समन्वयकों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने सभी बैंक समन्वयकों को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत लंबित पड़े आवेदनों का जल्द से जल्द निपटान करें। लोन के लिए आवेदन करने वाले आवेदकों को भटकना न पड़े। योजना के तहत उनके आवेदनों की जांच कर जल्द से जल्द लोन दिलाया जाए। संयुक्त निगम आयुक्त नीलम मेहरा ने सभी बैंक अधिकारियों व निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकार ने जनहित में अनेक योजनाएं शुरू की हुई हैं। इन योजनाओं का लाभ हर लाभार्थी को मिले, इस दिशा में सभी बेहतर तरीके से कार्य करें। उन्होंने बताया कि छोटे दुकानदारों व स्ट्रीट वेंडर्स (रेहड़ी, फड़ी वाले) अपना कारोबार करने के लिए सरकार ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना शुरू की हुई है। योजना के तहत छोटा कारोबार करने वालों को बिना ब्याज दस हजार से 50 हजार रुपये तक का लोन दिया जाता है। पहली बार में आवेदक को दस हजार रुपये लोन दिया जाता है।

## खबर संक्षेप

### रामायण का पाठ करने से दुख दूर होते : हरिशंकर

**थानेसर।** श्री हिदय नारायणी सनातन परिवार की ओर से तीसरा नव दिवसीय श्रीराम चरितमानस अखंड पाठ का आयोजन पटियाला बैंक कॉलोनी के कम्युनिटी सेंटर में किया जा रहा है। हरिशंकर ने बताया कि रामायण का पाठ करने से हमारे सारे दुख दूर होते है और प्रभु श्रीराम जी अपने भक्तों की रक्षा करते है। जो प्राणी सच्चे मन से श्रराम चरितमानस जी का पाठ करता है उसे कभी अपने जीवन में किसी भी प्रकार की कमी नही रहती।

### पटवारियों की हड़ताल से कामकाज ठप

**कुरुक्षेत्र।** वेतन विसंगतियों को दूर करने की मांग पर पटवारियों व कानूनगो की हड़ताल वीरवार को भी जारी रही। प्रदेश सरकार की ओर से कोई सुनवाई न करने के विरोध में पटवारियों ने हड़ताल और बढ़ा दी है। हड़ताल के कारण कार्यालय में कुर्सियां खाली पड़ी हैं। नतीजा, हड़ताल से रजिस्ट्री का काम प्रभावित हो रहा है। वीरवार को पटवारियों और कानूनगो ने पटवार भवन में धरना देकर नारेबाजी की।

### बच्चों के साथ मनाया कैलाश सत्यार्थी का जन्म दिवस

**कुरुक्षेत्र।** कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के तहत एमडीडी आफ इंडिया द्वारा न्याय तक पहुँच अभियान के तहत एमडीडी ऑफ इंडिया की जिला संयोजिका रितु रानी के नेतृत्व में कैलास सत्यार्थी का 70वां जन्मदिन बच्चों के साथ मनाया और उनकी दीघार्यु की कामना की। रितु रानी ने बताया कि कैलाश सत्यार्थी का जन्म 11 जनवरी 1954 को मध्य प्रदेश के विदिशा में हुआ। कैलाश सत्यार्थी एक मानवाधिकार कार्यकर्ता हैं जिन्होंने अपना जीवन बालश्रम के खिलाफ और बच्चों को न्याय देने के पक्ष में समर्पित किया हुआ है।

### आक्रोश रैली में बढ़ चढ़कर भाग लेने की अपील

**कुरुक्षेत्र।** सर्व कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र की टीम ने विभिन्न विभागों में ओमप्रकाश जिला प्रधान की अध्यक्षता में प्रचार प्रसार किया। टीम में शामिल ओमप्रकाश जिला प्रधान सर्व कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र, जितेंद्र बंसल जिला प्रधान रिटायर कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र, आनंद सिंह ब्लाक प्रधान थानेसर, विशाल सैन ब्रांच प्रधान थानेसर, महेंद्र पाल जिला कैशियर मैकेनिकल वर्कर यूनियन कुरुक्षेत्र रहे।

विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद दिन-प्रतिदिन लाभार्थियों में नया जोश और उत्साह भर रही

# केन्द्र व सरकार की योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर मिलने से खुश नजर आ रहे लाभार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

पूर्व विधायक डा. पवन सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा प्रदेशभर में शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद दिन-प्रतिदिन लाभार्थियों में नया जोश व उत्साह भर रही है। प्रदेशभर में हर दिन लाखों लोग यात्रा से जुडकर सरकार की अंत्योदय व जनहितैषी योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। पूर्व विधायक डा. पवन सैनी वीरवार को लाडवा उपमंडल के गांव बीड़ बड़तौली में विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद का गर्मजोशी से स्वागत करने उपरांत उपस्थित लोगों से सीधा संवाद कर रहे थे। पूर्व विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के सामाजिक चिंतन ने देश के नागरिकों में सरकार के प्रति विश्वास भरने का काम किया और उन्हें विश्वास दिलाया है कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में उनका हक कोई ओर नहीं मार सकता। सरकार ने गरीबों व वंचितों को सरकारी योजनाओं में पहले पायदान पर रखा है और उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।



## विकसित भारत संकल्प यात्रा का भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज. पिहोवा

विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद ने वीरवार को उपमंडल पिहोवा के गांव सरस्वती खेड़ा में प्रवेश किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में गांव सरस्वती खेड़ा के सरपंच अरषदीप सिंह और अन्य मोजिज व्यक्तियों ने यात्रा का स्वागत किया। गांव सरस्वती खेड़ा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यातिथि प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य लाडी पाल ने कहा कि इस यात्रा के दौरान जिला के हर गांव और वार्ड में हर वर्ग के लोगों के लिए केन्द्र व राज्य सरकार की स्कीमों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाई जा रही है ताकि उनको स्कीमों के प्रति जागरूकता पैदा हो और वे इनका लाभ उठा सकें। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष साधु सिंह सैनी, गांव सरस्वती खेड़ा के सरपंच अरषदीप सिंह, पूर्व सरपंच गुरचरण सिंह, अमरीक सिंह, अभिजोत सिंह, अमर सिंह, परविंद्र कौर, कुलदीप सिंह, देशराज, वजीर सिंह, जोगा सिंह, मनजीत कौर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## विकसित भारत का निर्माण करने में विवेकानंद युवा महासम्मेलन कार्यक्रम अदा करेगा अहम भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन है कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्द्र बनाना है। इस देश को विकसित राष्ट्द्र बनाने के लिए स्वामी विवेकानंद जैसे महान लोगों के विचारों और आदर्शों को अपने जीवन में धारण करना होगा। इसी विजन को लेकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल हरियाणा प्रदेश में लगातार आगे बढ़ रहे है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस सपने को साकार करने के लिए 12 जनवरी को कुरुक्षेत्र थीम पार्क में स्वामी विवेकानंद की जयंती को युवा महासम्मेलन के रुप में मनाया जा रहा है। इस महासम्मेलन में प्रदेश भर से हजारों युवा पहुंचेंगे। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद नायब सिंह सैनी वीरवार को थीम पार्क में स्वामी विवेकानंद जयंती पर आयोजित होने वाले युवा महासम्मेलन की तैयारियों का जायजा लेने के लिए पहुंचे। इससे पहले भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी, विधायक सुभाष सुधा, उपायुक्त शांतनु शर्मा, पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र भौरिया, मुख्यमंत्री के एडीसी हितेश यादव, सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के अतिरिक्त निदेशक डा. कुलदीप सैनी, भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष राहुल राणा, भाजपा के जिलाध्यक्ष रवि बतान, भाजपा के वरिष्ठ्द नेता धर्मबीर डागर ने थीम पार्क में चल रही तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

## गांव सियाणा सैदां में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा



*पिहोवा। विकसित भारत संकल्प यात्रा वीरवार को गांव सियाणा सैदां पहुंची। इस यात्रा में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य तेजेंद्र गोल्डी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों के अवलोकन उपरांत जरूरतमंद को मौके पर ही योजनाओं का लाभ दिया गया। तेजेंद्र गोल्डी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल की एक ही सोच है कि देश व प्रदेश के हर नागरिक तक सरकारी सेवाओं का लाभ प्रदान किया जाए। विकसित भारत संकल्प यात्रा भी इसी उद्देश्य के साथ देश व प्रदेश में शुरू की गई है। गांवों और शहरों में यह यात्रा पहुंच रही है। इस मौके पर गांव सियाणा सैदां के सरपंच बलजीत सिंह, मोहन लाल, सतीश कुमार, बलजिंद्र सिंह सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।*

## बॉस्केटबॉल टूर्नामेंट में हरियाणा पोस्टल सर्कल की टीम प्रथम

■ खेलों से होता है शारीरिक और मानसिक विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र





**कुरुक्षेत्र।** विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा व खिलाड़ियों से परिचय लेते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा। 11केयूके15

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के मल्टी पर्पस हॉल में हरियाणा पोस्टल सर्कल द्वारा आयोजित किए जा रहे 34वें अखिल भारतीय पोस्टल बास्केटबॉल टूनार्मेंट का समापन हुआ। समापन समारोह में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो सोमनाथ सचदेवा बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहे।

इस अवसर पर कर्नल एस.एफ.एच. रिजवी, मुख्य पोस्टमास्टर जनरल, हरियाणा, राधिका धीर, निदेशक डाक सेवा (मुख्यालय), सतीश मिर्धा, निदेशक लेखा डाक, अम्बाला उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का स्वागत प्लांट पॉट देकर किया गया। इस अवसर पर गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत और मनमोहक पंजाबी गिद्दा प्रस्तुत किया। टूनार्मेंट में विभिन्न डाक सर्किलों की छह टीमों ने भाग लिया व सभी खिलाड़ियों ने खेल भावना का अनुसरण किया। टूनार्मेंट में हरियाणा पोस्टल सर्कल की टीम को पहला, ओडिशा पोस्टल सर्कल की टीम को दूसरा व गुजरात पोस्टल सर्कल की टीम को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। मुख्य अतिथि सोमनाथ सचदेवा ने विश्वविद्यालय परिसर में इतने शानदार टूनार्मेंट के आयोजन के लिए डाक विभाग की सराहना की और सभी विजेता टीमों/खिलाड़ियों को बधाई दी। कुलपति ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग हैं। खेलों से मानसिक और शारीरिक विकास होता है। आज खेल क्षेत्र में भी रोजगार के सुनहरे अवसर हैं। हरियाणा प्रदेश के खिलाड़ी राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय पटल पर शानदार खेल उपलब्धियां हासिल कर नाम रोशन कर रहे हैं। कुलपति ने खिलाड़ियों से परिचय जाना और खेलों का शुभारंभ कर अनुशासन से खेलने की प्रेरणा दी।




## मोटापे से परेशान लोगों के लिए वरदान बन रही बेरिएट्रिक सर्जरी

*कुरुक्षेत्र। बेरिएट्रिक सर्जरी यानी चर्बी घटाने की सर्जरी के क्षेत्र में लगातार नई-नई तकनीक आ रही हैं। इन एडवांसमेंट के चलते उन लोगों को एक उम्मीद मिली है मोटापे के कारण जिनका जीवन मुश्किल हो गया है। इलाज के इन नए विकल्पों की जानकारी देने के उद्देश्य से मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल वैशाली गाजियाबाद ने कुरुक्षेत्र में एक अवेयरनेस सेशन आयोजित किया। इस मौके पर मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल वैशाली में मिनिमल एक्सेस, बेरिएट्रिक एंड रोबोटिक सर्जरी विभाग के हेड व डायरेक्टर डॉक्टर विवेक बिंदल मौजूद रहे। डॉक्टर बिंदल के साथ कुरुक्षेत्र के तीन मरीज भी उपस्थित रहे, जिनका सफलतापूर्वक इलाज किया गया। तीनों मरीजों ने सफलतापूर्वक इलाज होने पर प्रसन्नता जाहिर की और डा. विवेक बिंदल का आभार जताया जिनकी वजह से वे अपने जीवन को सरलता से जी पाए।*

## 15 जनवरी से कांग्रेस शुरू करेगी अभियान : तेजिंद्र



**पिहोवा।** कांग्रेस नेता तेजिंद्र सिंह चीमा ने कहा कि भाजपा के पन्ना प्रमुखों को चुनौती देने के लिए कांग्रेस का घर-घर दस्तक देगी। 15 जनवरी से पार्टी का घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस अभियान शुरू होगा। उन्होंने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा और प्रभारी दीपक बाबरिया के निदेर्शानुसार हुई बैठक में निर्णय लिया गया है कि बूथ स्तर पर कमेटियों का गठन करके अभियान को तेजी दी जाएगी। तेजिंद्र चीमा बताया कि अभियान की शुरूआत भूपेंद्र सिंह हुड्डा 15 जनवरी को जींद से करेंगे। नारनौल से प्रदेशाध्यक्ष चौधरी उदयभान और रोहतक में दीपेंद्र हुड्डा इसका आगाज करेंगे। अभियान के तहत बूथ लेवल पर 31 -31 लोगों की कमेटी बनेगी। जिसकी जिम्मेदारी फर्जी वोटों को कटवाना, लोगों की समस्याओं को जानना और उन्हें कांग्रेस से जोड़ना होगा। उन्होंने बताया कि बैठक में आम कार्यकताअरं की ओर से संगठन जल्दी बनाने की मांग रखी गई थी।

## कथा में वामन अवतार का सुनाया प्रसंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानेसर



श्रीमद्भागवत कथा में भगवान वामन के साथ पंडित पवन भारद्वाज व अन्य।

लोहड़ी एवं मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर चल रही सेक्टर-13 स्थित सीनियर सिटीजन फार्म में श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन प्रवचन करते हुए पवन भारद्वाज ने प्रहलाद चरित्र, वामन अवतार की कथा विस्तार से बताया। कथा का वाचन करते हुए पंडित पवन भारद्वाज ने कहा कि, भागवत कथा सुनना और भगवान को अपने मन में बसाने से व्यक्ति के जीवन में परिवर्तन आता है। भगवान हमेशा आपने भक्त को पाना चाहता है। जितना भक्त भगवान के बिना अधूरा है उतना ही अधूरा भगवान भी भक्त के बिना है। भगवान ज्ञानी को नही अपितु भक्त को दर्शन देते हैं। और सच्चे मन से ही भगवान प्राप्त होता है। भगवान विष्णु की भक्ति में लीन रहते थे। उनके पिता हिरण्यकश्यप भगवान विष्णु को अपना शत्रु मानते थे। पुत्र को भगवान विष्णु की भक्ति करते देख उन्होंने उसे ही जान से मारने की ठान ली। प्रभु पर सच्ची निष्ठा और आस्था की वजह से हिरण्यकश्यप प्रह्लाद का कुछ भी अनिष्ट नहीं कर पाए। इस अवसर दीनानाथ शर्मा, अजमेर, राजू बाबा, सी पी गुप्ता, सूरज, शशि, जोनी, वीरभान शर्मा, प्रिंसीपल कौशिक, बलदेव रत्न, महेश कुमार , रामशरण, बंसत कुमार, पूजा सरदाना आदि मौजूद रहे।

## जजपा नेता ने सुनीं जनसमस्याएं



**पिहोवा।** जनसमस्याएं सुनते जजपा नेता रणधीर सिंह।

**पिहोवा।** जननायक जनता पार्टी बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रधान व पूर्व विधानसभा प्रत्याशी प्रोफेसर रणधीर सिंह ने कहा कि किसी भी क्षेत्र की तरक्की के लिए शिक्षा सड़क रोजगार और संचार चार चीजें बेहद जरूरी हैं। इन्हीं बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला लगातार काम कर रहे हैं। पिछले चार साल से अधिक के कार्यकाल में उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने प्रत्येक हल्के में समान रूप से विकास कार्यों को तवज्जो दी। प्रोफेसर रणधीर अपने कार्यालय में लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुन रहे थे। इस दौरान विभिन्न गांव से पहुंचे लोगों को संबोधित करते हुए प्रोफेसर रणधीर सिंह ने कहा कि पिहोवा हलके के कई गांवों में नई सड़के बनी तो कई को पंचायतों के माध्यम से विभिन्न परियोजनाओं की सौगात मिली। युवा विदेश में पलायन की बजाय अपने देश में ही रहकर आत्मनिर्भर बनें। इसी विजन को लेकर जजपा की गठबंधन सरकार ने युवाओं के रोजगार पर भी पूरा ध्यान दिया।

**सूचना**

मैं अजय कुमार शर्मा पुत्र जगदीश प्रसाद शर्मा पुत्र लज्जा राम निवासी मकान नंबर 316, सेक्टर 8 अर्बन अस्टेट तहसील थानेसर, कुरुक्षेत्र बयान करता हूं कि मेरा लड़का मोहित शर्मा, उसकी पत्नी सुषमा शर्मा, लड़की मृदु शर्मा मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिए मैं उपरोक्त तीनों को अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इन द्वारा किए गए लेन-देन व किसी भी अच्छे-बुरे कार्यो के लिए ये स्वयं जिम्मेवार होंगे। मेरी व मेरे परिवार की किसी भी प्रकार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## ताऊ देवीलाल की नीतियों पर आगे बढ रही जजपा पार्टी : डॉ. खैहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा



**पिहोवा।** गांव मलिकपुर में ग्रामीणों के साथ डा.जसविंद्र खैहरा।

जननायक जनता पार्टी के युवा जिलाध्यक्ष डा. जसविंद्र खैहरा ने कहा है कि । जननायक जनता पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर प्रदेश के लोग जजपा का साथ दे रहे हैं। वे गांव मलिकपुर में विभिन्न स्थानों पर आयोजित चाय कार्यक्रम में शिरकत कर रहे थे। यहां पहुंचने पर ग्रामीणों ने डा. खैहरा का जोरदार स्वागत किया और उनके साथ चाय पर हल्के की समस्याओं को लेकर चर्चा की। डा. खैहरा ने कहा कि प्रदेश की कमान युवा उपमुख्यमँत्री दुष्यंत चौटाला के हाथों में है। युवा सोच के साथ उपमुख्यमँत्री प्रदेश की भलाई के कार्यों में जुटे हुए हैं। ऐसे में हर वर्ग के लोग दुष्यंत चौटाला से खुश नजर आ रहा है। जननायक जनता पार्टी की स्थापना ताऊ देवीलाल के सपने को साकार करने के लिए की गई है कि प्रदेश के हर घर में रोजगार हो, को भी गरीब न हो और अन्नदाता खुशहाल हो। इस मौके पर सरदार अमीर सिंह गिल, जरनैल सिंह गिल, निर्मल सिंह, निर्वर सिंह, दलेर सिंह, बंटी सिंह, प्यारा गोस्वामी, स. शीशा सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** स्थापना दिवस सभी महान विभूतियों को याद करने का दिन: प्रो. सोमनाथ

## कुवि के स्थापना दिवस दिवास पर किया हवन

■ विश्वविद्यालय की नींव का पत्थर भारत के प्रथम राष्ट्रपति स्व. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने रखा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। हवन यज्ञ में आहुति डालते कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा व अन्य।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने गुरुवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा आयोजित हवन कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि हवन यज्ञ में आहुति डाली तथा विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों, गैर-शिक्षक कर्मचारियों, शोधार्थियों, एल्यूमनी व विद्यार्थियों को स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि यह दिन उन सभी महान विभूतियों को याद करने का भी दिन है जिनके अथक प्रयास व सहयोग से हर क्षेत्र में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना स्थान बना पाया है। उन्हीं के प्रयासों से ही कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय राष्ट्रीय स्तर की सभी मानक एजेंसियों की उत्कृष्टता के पैमाने पर खरा उतरा है जिसके कारण उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कुवि की ख्याति बढ़ी है। कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि विश्वविद्यालय की नींव का पत्थर भारत के प्रथम राष्ट्रपति स्व. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने रखा था तब से लेकर आज तक विश्वविद्यालय उन्नति के पथ पर अग्रसर है।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर कुवि कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. अनिल वशिष्ठ, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, प्रो. अनिल वोहरा, प्रो. डीएस राणा, प्रो. नीलम ढांडा, प्रो. शुचिस्मिता, प्रो. रामविरंजन, प्रो. सुनील ढींगरा, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. ब्रजेश साहनी, प्रो. अनिल मित्तल, प्रो. दिनेश कुमार, प्रो. नीरा राघव, युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक डॉ. महासिंह पूनिया, प्रो. ओमवीर, प्रो. अशोक चौहान, प्रो. इंदिरा रानी, प्रो. मोहिन्द्र चांद, प्रो. रोहताश सिंह, प्रो. बिन्दु शर्मा, प्रो. महाबीर रंगा, प्रो. विवेक चावला, प्रो. रीटा, प्रो. कुसुम लता, डॉ. रीटा दलाल, डॉ. महेन्द्र सिंह, कुटा प्रधान डॉ. आनंद कुमार, डॉ. जितेन्द्र खटकड़, डॉ. नरेश सागवाल, डॉ. अनिल गुप्ता, डॉ. कंवल गर्ग, लोक सम्पर्क विभाग के उप-निदेशक डॉ. दीपक राय बब्बर, डॉ. नीरज बातिश, डॉ. मीनाक्षी सुहाग, डॉ. गुरचरण सिंह, डॉ. रामचन्द्र, डॉ. अजय अग्रवाल, डॉ. हुकम सिंह, कुंटिया प्रधान राजवंत कौर, रविन्द्र तोमर आदि मौजूद रहे।

**SHORT TERM**
**Expression of Interest (EOI)**

The Expression of Interest is invited from the reputed firms/FPOs/CHCs/Farmers/ VLEs/ Govt. organizations etc. to conduct demonstrations of Nano Urea/Agri Inputs (6000 Acres) through Drones at farmers field in the District Kurukshetra. The mentioned agencies are expected to follow DGCA and ICAR norms. The interested agencies may attend the meeting on 16.1.2024 at 10.30. Am at Deputy Director, Agriculture and Farmers Welfare Department, Kurukshetra. The terms of engagement will be deliberated in the meeting. Following documents are required from the respective agencies at the time of the meeting.

1. Registration details of the firms/FPOs/CHCs/Farmers/VLEs/Government organizations etc.
2. Number of UIN Drones.
3. List of Remote Pilot Certificate Holders.

**Deputy Director Agriculture**
**Kurukshetra**

## खबर संक्षेप

### दादूपुर मिडिल स्कूल की रसोई से सामान चोरी

**बराड़ा।** गांव दादुपूर स्थित राजकीय मिडिल स्कूल में चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में स्कूल मुखिया मनफूल सिंह ने बताया कि 10 जनवरी को उन्हें स्कूल में बने मिड डे मील किचन का दरवाजा खुला पड़ा है। जांच के बाद स्कूल की रसोई से 4 पतीले, 1 तवी, 1 परांत, 1 कडाही, 5 ढक्कन चोरी मिले। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बाल श्रम से जुड़े निर्देश दिए

**अंबाला।** उपायुक्त डॉ. शालीन की अध्यक्षता में वीरवार को उनके कार्यालय में बाल श्रम विषय पर जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक ली गई। बैठक में एएसपी पूजा डाबला, एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम लक्षित सरीन, एसडीएम बिजेंद्र सिंह, एसडीएम सी जया शारधा के साथ-साथ कमेटी के अन्य सदस्यगण शामिल रहे।उपायुक्त ने अधिकारियों को बाल श्रम से जुड़े निर्देश दिए।

### 19 को आयोजित होगी टेलीफोन अदालत

**अंबाला।** दूरसंचार विभाग के सहायक महाप्रबंधक (प्रचालन)ने बताया कि दूरसंचार जिले के तहत आने वाले सभी दूरभाष केंद्रों के उपभोक्ताओं की टेलीफोन सेवाओं से संबंधित शिकायतों की सुनवाई के लिए टेलीफोन अदालत 19 जनवरी 2024 को आयोजित की जाएगी। कार्यालय महाप्रबंधक दूरसंचार खुद इस शिकायतों पर सुनवाई कर उनका समाधान करेंगे। टेलीफोन अदालत की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### स्नेचिंग के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज स्नेचिंग के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी रजत सिंह को गिरफ्तार किया है। जलालपुर गांव के गौरव कुमार ने 30 दिसंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी रजत सिंह व अन्य ने नारायणगढ़ मोड़ बलदेव नगर के पास से उससे नकद राशि छीन ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### फर्जी दस्तावेज देने वाला आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज जमानत हेतू फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत करने के मामले में पुलिस ने आरोपी गौरव मलिक को गिरफ्तार किया है। अब उसे चार दिन के रिमांड पर लिया गया है। इस मामले में संलिप्त दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। न्यायालय प्रवाचक ने 21 नवंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 21 नवंबर 2023 को आरोपी मनोज कुमार व अन्य ने जमानत हेतू फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत करने का अपराधिक कार्य किया है।

### महिलाओं को पोस्ट ऑफिस की योजनाएं बताई

**नारायणगढ़।** वीरवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुराली में जीवन विकास कौशल कैंप का आयोजन किया गया। कैंप के तीसरे दिन नीलम के द्वारा पोस्ट ऑफिस से जुड़ी योजनाओं के बारे जानकारी दी गई। विद्यार्थियों से बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट मेटिरियल से क्राफ्ट का सामान बनवाया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संस्कृत अध्यपिका की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## हर साल करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद नहीं मिल रही गंदगी से निजात

# स्वच्छता सर्वेक्षण में अंबाला टॉप-5 से बाहर निगम व नगर परिषद की हालत भी खस्ता

### राज्यपाल ने खुद नाले में झाड़ू डालकर गंदगी पर जताई थी चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

स्वच्छता सर्वेक्षण-2023 के आए नतीजों में ट्विन सिटी पिछड़ गया है। केंद्र सरकार की ओर से जारी की गई ताजा रैंकिंग में अंबाला पहले पांच जिलों से बाहर हो गया है। नारायणगढ़ नगर पालिका 7वें स्थान पर रही। जबकि अंबाला शहर नगर निगम 8वें स्थान पर रहा। नगर परिषद अंबाला सदर को दसवां स्थान मिला है। सफाई के मामले में ऐसी दुर्गति को लेकर अब अधिकारी भी बोलने से बचते दिखाई दे रहे हैं।



अंबाला। नेशनल हाइवे पर अंबाला के एंट्री द्वार की तस्वीर।

- केंद्र सरकार की ओर से जारी की गई ताजा रैंकिंग में अंबाला पहले पांच जिलों से बाहर हो गया

#### राज्यपाल तक जता चुके हैं चिंता

अंबाला में सफाई व्यवस्था बेहाल है। खुद राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय भी इस पर चिंता जता चुके हैं। सफाई अभियान की शुरूआत के एक कार्यक्रम में राज्यपाल के सामने वाल्मीकि बस्ती के कुछ लोगों ने सफाई को लेकर सवाल उठा दिए थे।

एक महिला ने तो साफतौर पर कहा था कि अफसर उन जगहों की सफाई नहीं करवाते जहां जरुरत है। जबकि साफ सुथरे एरिया में सफाई के अभियान शुरू करवा रहे हैं। इस दौरान नगर निगम अधिकारियों के साथ विधायक को लेकर भी सवाल उठाए गए थे। तब राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय ने खुद नाले में झाड़ू डूबोकर गंदगी का पता लगाया था। तब उन्होंने नाले में भरी गंदगी पर चिंता जताई थी।

#### कई पहलुओं पर होती है जांच

स्वच्छता सर्वेक्षण के दौरान कई पहलुओं पर जांच होती है। इसमें रोजाना सफाई, सिंगल प्लास्टिक यूज पर बैन, नालों की सफाई, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट समेत कई बिंदू शामिल हैं। स्टार रेटिंग के लिए शहर का ओवरऑल परफॉर्मेंस को देखा जाता है। सर्वे के दौरान स्वच्छता टीम की ओर से शहर के आवासीय और व्यवसायिक क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था को देखा जाता है। डोर-टू-डोर कचरा एकत्रित करने की व्यवस्था और कचरा गाड़ियों की स्थिति देखी जाती है। इसके अलावा पब्लिक व सार्वजनिक शौचालयों और अन्य जन सुविधाओं का निरीक्षण भी किया जाता है। इसके बाद ही शहर को रेटिंग दी जाती है। उसके आधार पर ही उसे स्वच्छता सर्वेक्षण में नंबर मिलते हैं।

#### अटैच हो चुके हैं अफसरों के वाहन


अंबाला शहर नगर निगम के अफसर तो इन दिनों सफाई के मामले में बेहद बुरी तरह से फंसे हुए हैं। वकीलों की ओर से शहर की सफाई को लेकर दायर एक याचिका की सुनवाई चल रही है।

सफाई पर संतोषजनक जवाब न देने की वजह से अदालत कमिश्नर समेत कई अधिकारियों के वाहन अटैच करने के आदेश दे चुकी है।

अभी तक इस मामले में अफसरों की जान नहीं छुटी। अदालत में निरंतर शहर की सफाई को लेकर सुनवाई चल रही है।

#### करोड़ों खर्च फिर भी गंदगी मुसीबत

जिले में इस समय एक नगर निगम, एक नगर परिषद व दो नगरपालिकाएं हैं। चारों जगह गंदगी सबसे बड़ी मुसीबत है। मजे की बात है कि हर साल गंदगी की सफाई पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। फिर भी गंदगी हर नागरिक के लिए बड़ी समस्या बनी हुई है। सफाई पर सबसे ज्यादा खर्च अंबाला शहर नगर निगम में हो रहा है। यहां अगर सफाई के खर्च की बात करें तो कूड़ा उठाने वाली कंपनी को हर साल 15 करोड़ से ज्यादा का भुगतान किया जा रहा है। अगर स्थायी व अस्थायी सफाई कर्मचारियों का वेतन इनमें जोड़ दिया जाए तो यह खर्च 30 करोड़ रुपये पार हो जाएगा। इतना पैसा खर्च होने के बाद भी सदन की हर मीटिंग में सदस्य खूब हल्ला मचाते हैं। फिर भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है।



बराड़ा। सफाई कर्मचारियों को च्वयनप्राश वितरित करते हुए ट्रस्ट के पदाधिकारी।

## समाजसेवी तरुण कौशल की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

- सफाई कर्मियों को दिया च्यवनप्राश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) द्वारा राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित समाजसेवी स्वर्गीय तरुण कौशल की दूसरी पुण्यतिथि पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर आरसीसी कंप्यूटर एजुकेशन के परिसर में ट्रस्ट के चेयरमैन नरेश मित्तल, स्टेट कोऑर्डिनेटर पवन पराशर, गुरदेव सिंह , समाजसेवी रजत मालिक, बजिंदर सिंह, हरविंदर छाबड़ा, मनी छाबड़ा, गौरव गोयल द्वारा दो मिनट का मौन रखकर समाज-सेवा के प्रेरक को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। पवन पराशर ने कहा कि स्व. तरुण कौशल ने समाज-सेवा के क्षेत्र में जो कार्य किए हैं उसे इलाके के लोग कभी नहीं भुला पाएंगे। उन्होंने कहा कि कौशल एक कुशल शिक्षक और समाजसेवी थे। समाजसेवी रजत मालिक ने बताया कि 2006 में 'लोहड़ी-पर्व कन्याओं के नाम' शुरू कर समाज में लडकियों के प्रति अवधारणा को बदला। वो हर वर्ष लोहड़ी-पर्व पर इलाके की सभी नव-जन्मी लड़कियों को उपहार देकर और प्रदेश भर की उत्कृष्ट कार्य करने वाली लडकियों व महिलाओं को स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते थे। इस अवसर पर ट्रस्ट की ओर से नगरपालिका में सफाई कर्मचारियों को डाबर च्यवनप्राश वितरित किया गया।

### टांगरी नदी के पास से कपड़े में मिला नवजात का शव, कूड़ा बीनने वाले बच्चों ने देखा

**अंबाला।** टांगरी नदी के पुल के नीचे से नवजात बच्चे का शव मिला है। कूड़ा उठा रहे बच्चों ने दुकानदारों को इसकी सूचना। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। नवजात अस्पताल में इस्तेमाल किए जाने वाले हरे कपड़े में लिपटा हुआ था। साथ ही सर्जिकल कैंची भी बरामद हुई है। आशंका जताई जा रही है कि किसी युवती ने जन्म देने के बाद बच्चे को यहां फेंक दिया। ब्राह्मण माजरा के विशाल शर्मा ने ने बताया कि वह अपने दोस्त विशाल राणा के साथ उसकी टांगरी बांध पर स्थित दुकान पर बैठा था। इसी बीच उसके पास कबाड़ बीनने वाले छोटे-छोटे बच्चे आए। उसे बताया कि टांगरी नदी में एक बच्चा हरे कपड़े में लिपटा पड़ा है। विशाल ने बताया कि वह अपने दोस्त व एजेंसी के मालिक सतीश राणा के साथ टांगरी नदी में पुल के नीचे पहुंचा। यहां हरे रंग के कपड़े में नवजात बच्चे का शव मिला। शव के पास डॉक्टर द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली कैंची भी पड़ी मिली।महेश नगर थाना प्रभारी जगदीश कुमार ने बताया कि दुकानदार की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

## जहां नारी का सम्मान वहां भगवान करते वास

- राष्ट्र जागरण मंच की ओर से महिला सम्मान समारोह हुआ आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

नारी मां भी है, बहन भी है, बेटी भी है। मां के नौ रूपों में भी हैं। जहां नारी का सम्मान व कंजक की पूजा होती है वहां देवी देवताओं का वास होता है। लाला लाजपतराय वरिष्ठ नागरिक भवन में विश्व हिंदू तख्त व एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया प्रमुख वीरेश शांडिल्य ने यह बात कही। वह वीरवार को राष्ट्रीय जागरण मंच एवं वैश्य समाज वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित पांचवें राष्ट्र स्तरीय जागरूक महिला सम्मान समारोह में बोल रहे थे। यहां पहुंचने पर उनका राष्ट्रीय जागरण मंच के प्रधान रोहताश राणा, संतोष गोयल, डॉ. श्रीप्रकाश मिश्र, अमरिंदर सिंह, सतीश गर्ग, डॉ. सीडीएस कौशल, भूपेंद्र सिंह, सुरेंद्र कुमार सिंगला, मंगाराम, प्रहलाद शर्मा, एडवोकेट अमित गर्ग, सुधीर कुमार, डॉ. कुलदीप शर्मा, कुलबीर सिंह, बिट्टू थंबड़, तृप्ता रानी, ज्ञान कौर, प्राची शर्मा, भूपेंद्र कौर,राजिंदर सिंह, डॉ दीपक शर्मा, प्रिंसिपल दिव्या शर्मा, की प्रिंसीपल नीलम शर्मा, ने फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। शांडिल्य ने इस अवसर पर 101 नवजात बच्चियों की माताओं को 101 कंबल व 101 टिफिन बांटे। 51 लड़कियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।



बराड़ा। लोहड़ी पर कन्याओं को आशीर्वाद देते हुए मुख्यातिथि।

## लखनौर साहिब में 20 लाख की चौपाल का उद्घाटन

- विधायक बोले पीएम मोदी के सपने को करना है साकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

शहर के विधायक असीम गोयल नन्यौला ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार ने शहरों की भांति गांवों के भी विकास करवाया है। विकास के मामले में अब कोई भी गांव पीछे नहीं हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में समान रूप से विकास करवाया है। विधायक वीरवार को विकसित भारत जन संकल्प यात्रा के तहत गांव बेगो माजरा, बहबलपुर, भानोखेड़ी व लखनौर साहिब में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। विधायक ने गांव लखनौर साहिब में 20 लाख रुपये की लागत से बनाई गई बीसी चौपाल का उद्घाटन कर ग्रामीणों को इसकी सौगात देने का काम किया। विधायक ने इस मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलवाते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को संसार का सबसे ताकतवर एवं विकसित देश बनाने का जो संकल्प लिया है, उस संकल्प को पूरा करने के लिए आमजन की भागेदारी बेहद आवश्यक है। आजादी के जब 100 वर्ष पूरे होंगे तो हम भी विकसित राष्ट्र की सूची में शामिल हो। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पूरे भारत को एक साथ जोडऩे के लिए सडक़ों का जाल बिछाया गया है। अंबाला-हिसार रोड़ बनकर तैयार हुआ है। उन्होंने कहा कि अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त 50 नई वंदे भारत ट्रेन चलाई जा रही हैं। इस मौके पर विधायक ने यह भी कहा कि गांव बेगो माजरा में पहले आयुष्मान योजना के तहत 50 आयुष्मान कार्ड बने हैं। अब दस नए कार्ड बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि इसका मतलब है कि 3 करोड़ रूपए से ज्यादा की स्वास्थ्य की गांरटी मोदी ने आपके गांव के लोगों को दी है। उन्होंने कहा कि सीएम मनोहर लाल ने भी प्रदेश में 2 करोड़ 70 लाख लोगों को अपना परिवार मानते हुए उनकी सुरक्षा और उन्हें सुविधाएं देने का काम किया है।



अंबाला। नए ट्यूबवेल का उद्घाटन करते विधायक असीम गोयल।



अंबाला। नवनियुक्त जिला प्रधान मनदीप राणा का अभिनंदन करते पार्टी पदाधिकारी।

### विवेकानंद युवा सम्मेलन में हजारों युवा करेंगे हिस्सेदारी

**अंबाला।** स्वामी विवेकानंद जयंती के मौके पर भारतीय जनता पार्टी कुरुक्षेत्र में स्वामी विवेकानंद युवा सम्मेलन का आयोजन करने जा रही है। इसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर प्रदेशभर से आने वाले हजारों युवाओं को संबोधित करेंगे। कुरुक्षेत्र के थीम पार्क में आयोजित होने जा रहे इस विशाल स्वामी विवेकानंद युवा सम्मेलन में अंबाला जिला से भी हजारों की तादाद में युवा शामिल होंगे। भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष मनदीप राणा ने बताया कि जिले से सैकड़ों गाड़ियों व बसों में सवार होकर हजारों युवा स्वामी विवेकानंद युवा सम्मेलन में शामिल होने के लिए हर एरिया से सुबह लगभग 9 बजे रवाना होंगे। सुबह लगभग 10 बजे शाहबाद में स्थित रेड चिल्ली रिजॉर्ट पर एकत्रित होंगे। राणा ने बताया किस्वर्गीय सांसद रतनलाल कटारिया की धर्मपत्नी व भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया को अंबाला लोकसभा क्षेत्र के लिए स्वामी विवेकानंद युवा सम्मेलन की संयोजक नियुक्त की गई हैं।

## पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

पूर्व विधायक व वरिष्ठ कांग्रेस नेता जसबीर मलौर ने कहा कि रोजाना दूसरी पार्टी के नेता कांग्रेस मे शामिल हो रहे हैं। पूरा प्रदेश कांग्रेस के रंग में रंग चुका है । उन्होंने बताया कि प्रदेश में 15 से 'घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस' अभियान की शुरुआत होने जा रही है। इसका मकसद हर घर और हर वोटर तक कांग्रेस की नीतियों और सरकार की नाकामियों को पहुंचना है।

मलौर ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस लगातार चुनावी मोड में कार्य कर रही है। 14 तारीख से राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' शुरू होने जा रही है। इसे भी 'भारत जोड़ो यात्रा' की तरह ऐतिहासिक समर्थन मिलने की उम्मीद है। ठीक इसके अगले दिन कांग्रेस की तरफ से नए अभियान की शुरुआत कर दी जाएगी। इससे पहले लगातार पार्टी द्वारा जन आक्रोश रैलियां हो रही हैं, जिनको जनता का जबरदस्त समर्थन मिल रहा है। अब 'हर घर कांग्रेस' अभियान के जरिए वोटर्स से वन टू वन संवाद स्थापित किया जाएगा।उन्होंने कहा कि राजस्थान में 500 सिलेंडर की घोषणा से भाजपा मुकर गई है। पूरे देश में महंगाई और असमानता का माहौल है। प्रदेश के युवा देश से पलायन करने को मजबूर हैं। मलौर ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस की हवा स्पष्ट महसूस की जा सकती है।



अंबाला। कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व विधायक जसबीर मल्लौर



बराड़ा। कार्यक्रम में भाग लेते हुए स्वंयसेवी।

## स्वयंसेविकाओं को कैंप में तीसरे दिन करवाया योग

**बराड़ा।** संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में चल रहे एनएसएस कैंप के तीसरे दिन की शुरुआत प्रोग्राम ऑफिसर डॉ पूजा बैरागी के गीत से हुई। इस दौरान वित्तीय जागरूकता को लेकर एसबीआई के मुख्य प्रबंधक और उप प्रबंधक के द्वारा स्वयंसेविकाओं को बैंकिंग सेवाओं से जुड़ी जानकारी दी गई। स्वस्थ रहने के लिए योग भी कराया गया। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं विषय पर नुक्कड़ नाटक व रैली के द्वारा लोगों को कन्या भ्रूण हत्या न करने के प्रति जागरूक किया गया। इसके अलावा व्यक्तित्व विकास कार्यशाला का आयोजन किया गया।

- बैंकिंग सेवाओं से भी अवगत करवाया

### मैहला में चल रही थी शराब की भट्ठी, पुलिस ने रेड कर किया भंडाफोड़, 15 लीटर शराब जब्त

**अंबाला।** अवैध रूप से चल रही शराब की एक भट्ठी को पुलिस ने जब्त किया है। मौके से पुलिस ने तैयार की गई 15 लीटर अवैध शराब के अलावा भारी मात्रा में लाहन बरामद किया है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने नग्गल थाना एरिया के अंतर्गत आने वाले गांव मैहला में छापा मारा था। यहां पुलिस ने अवैध शराब तैयार कर रहे आरोपी पाला राम को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि पाला राम पशुओं के बाड़े में अवैध रूप से देसी शराब तैयार करता है। आरोपी अब भी पशुओं के बाड़े में बने कमरे में शराब की भट्ठी लगा कर शराब निकाल रहा है। पुलिस ने मौके पर छापा मारकर पाला राम को काबू किया। जांच के दौरान कमरे से एक लोहा का बड़ा ड्रम, जोकि ईंटों से बनाए गए चूल्हे के ऊपर रखा हुआ था। ड्रम के नीचे गैस चुल्हा रखा हुआ था। आरोपी गैस सिलेंडर से शराब निकाल रहा था। आरोपी ने ड्रम के ऊपर मुख्य ड्रेन सुराग में एक प्लास्टिक का पाइप लगाया हुआ था, जो पाइप स्टील की पलेट के साथ जुड़ा हुआ मिला।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681005

## अब विकसित राष्ट्र का सपना होगा साकार, देश निरंतर उन्नति के पथ की ओर अग्रसर हो रहा है

# पीएम मोदी ने पूरे विश्व में देश का नाम चमकाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश का नाम सारे विश्व में चमकाने का काम किया है। पहले विदेशों में भारतीयों को हीन भावना से देखा जाता था लेकिन अब प्रधानमंत्री के जलवे से हर देश में हैं। मोदी ने हिंदुस्तान की तकदीर बदल दी है। गृह मंत्री अनिल विज वीरवार को गांव शाहपुर व शिवाला मंडी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे। इस दौरान विज ने उपस्थित सभी को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलवाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर उन्नति के पथ की ओर अग्रसर हो रहा है। विदेशों में भारतीयों का गौरव बढ़ा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आटोग्राफ मांगना, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यू आर दि बॉस कहना तथा न्यू पपुआ गिनी देश के प्रधानमंत्री द्वारा नरेंद्र मोदी के पैर छूकर उनका अभिनंदन करना हमारे देश के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में 37 देश विकसित हैं। हमें इस श्रेणी में शामिल होना है। कोई भी कार्य लोगों के सहयोग के बिना पूरा नहीं होता। हम सबको मिलकर अपने भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करना है। उन्होंने कहा कि जब देश अपने आजादी की 100वीं वर्षगांठ मनाएगा तो हम उस समय 37 विकसित राष्ट्रों की सूचि में शामिल होंगे। विज ने इस मौके पर यह भी कहा कि मोदी की गारंटी वाली गाडी के माध्यम से केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा जो योजनाएं क्रियान्वित की गई हैं, उन योजनाओं बारे यहां पर लोगों को जानकारी देकर उनका लाभ देने का काम किया जा रहा है। सारी सरकार यानि सारे विभाग आपके गांव में चलकर आए हैं। लोगों को अब सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने की जरूरत नही हैं। यहां पर उन्होंने स्टालों के अवलोकन के दौरान विभागों द्वारा जो कार्य किए जा रहे हैं उनकी सराहना की। 54 लोगों को आयुष्मान कार्ड दिए गए।





अंबाला। ग्रामीणों को संबोधित करते गृहमंत्री विज व गोदभराई की रस्म अदा करते हुए।